उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय महानगर लखनऊ – 226006

पत्र संख्याः ए–203/2021(भर्ती) दिनांकः मई 07, 2026

कार्यालय ज्ञाप

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय लखनऊ के द्वारा निर्गत नियुक्ति पत्र दिनांकः 28.04.2026 के अनुसार प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यॉत्रिक) पद पर चयनित अभ्यर्थियों का आधारभूत प्रशिक्षण दिनांकः 11.05.2026 से आरम्भ किया जाना निर्धारित है।

संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रमानुसार प्रशिक्षण केन्द्रों में संशोधन किया गया है जिसका विवरण उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग की अधिकृत वेबसाइट **uppolice.gov.in/Policeunits/Radio HQ/Circular** पर उपलब्ध है। **अभ्यर्थीगण अपने नाम के सम्मुख अंकित प्रशिक्षण केन्द्र पर दिनांकः 11.05.2026 को समय 1000 बजे** नियुक्ति पत्र में अंकित अभिलेख/सामग्री के अतिरिक्त निम्नलिखित अभिलेख/सामग्री के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें–

1. लिखित परीक्षा प्रवेश पत्र (मूलरूप में)
2. नियुक्ति पत्र
3. आधारकार्ड (मूलरूप में)
4. पासपोर्ट साइज में नवीनतम फोटाग्राफ की 04 प्रति
5. राजकीय चिकित्सालय का मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र जो दिनांकः 06.05.2026 के बाद की तिथि का हो।
6. मेस एडवांस की **नकद धनराशि रू0 6000/–**
7. सेवायोजित अभ्यर्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा सेवा से त्यागपत्र स्वीकार किये जाने सम्बन्धी आदेश की प्रति। *सेवायोजित विभाग से सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत कार्यमुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश की प्रति स्वीकार नहीं की जायेगी।*

उक्त अभिलेखों (कमांक–04 व 06 को छोड़कर) की दो–दो स्वप्रमाणित छायाप्रतियां साथ में लाना आवश्यक है।

07.5.26

(राजेन्द्र कुमार)
राज्य रेडियो अधिकारी (प्रशिक्षण)
उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय
महानगर लखनऊ